तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 19 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


पानी के लिए नहर पर लगी टकटकी, गर्मी से सूखे तालाब

4



## खबर संक्षेप

### वन डे रैपिड चेस टूर्नामेंट का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** जिले में शतरंज प्रेमियों के लिए रविवार 19 अप्रैल को बड़ा आयोजन होने जा रहा है। जिला शतरंज संघ जांजगीर-चांपा एवं डीबी वेंचर्स चांपा के संयुक्त तत्वावधान में वन डे रैपिड चेस टूर्नामेंट का आयोजन ऑडिटोरियम जांजगीर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले के साथ-साथ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भाग लेंगे। टूर्नामेंट में अंडर-10, अंडर-15 एवं ओपन कैटेगरी में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे होगा, जबकि मैचों की शुरुआत लगभग 10 बजे से होगी। शाम 5 बजे पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में लगभग 1.20 लाख रुपये की आकर्षक पुरस्कार राशि रखी गई है। ओपन कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय 7 हजार एवं तृतीय 5 हजार के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा विभिन्न वर्गों में भी पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। महिला वर्ग, अंडर-15 एवं अंडर-10 के प्रतिभागियों के लिए अलग-अलग पुरस्कार की व्यवस्था की गई है। साथ ही बेस्ट अनरेटेड, बेस्ट जिला खिलाड़ी, बेस्ट वेटरन, बेस्ट यंगेस्ट एवं दिव्यांग खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट का संचालन फिडे नियमों के अनुसार स्विस सिस्टम पर किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी को 10 मिनट के साथ 5 सेकंड का इंक्रीमेंट दिया जाएगा।

### पंडित दीनदयाल स्टेडियम में आध्यात्मिक सत्संग आज

**सक्ती।** जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के सानिध्य में पंडित दीनदयाल स्टेडियम में रविवार 19 अप्रैल को आध्यात्मिक सत्संग, निःशुल्क नामदीक्षा, दहेज मुक्त विवाह (रमैनी), रक्तदान एवं देहदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सत्संग कार्यक्रम में सभी से उपस्थिति होने अपील की गई है।

### सामूहिक कन्या विवाह के लिए आवेदन की अंतिम तिथि कल

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत मई में राज्य में वृहद कन्या विवाह समारोह का आयोजन कराया जाना प्रस्तावित है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिस हेतु कन्या विवाह हेतु जिले के इच्छुक जोड़े से सोमवार 20 अप्रैल तक आवेदन आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना हेतु पात्रता की शर्तो अनुसार कन्या की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। एक परिवार की अधिकतम दो बेटियों द्वारा इस योजना का लाभ लिया जा सकता है। योजना का लाभ हेतु आवेदिका का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। दस्तावेज में आधार कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक, आयु सत्यापन हेतु पांचवी, आठवीं अथवा दसवीं कक्षा के प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

आधा दर्जन से अधिक विशेषज्ञों ने खंगाले प्लांट के डाटा, हर चीज का किया सूक्ष्मता से अवलोकन

# वेदांता हादसा : सेंट्रल की टीम पहुंची पावर प्लांट, दिनभर चली गहन जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर/डभरा

सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में हुए बॉयलर हादसे की जांच को लेकर सेंट्रल के अफसरों की टीम पहुंची। सेंट्रल पावर रिसर्च सेंटर के ज्वाइन डायरेक्टर के नेतृत्व में पहुंची टीम ने सुबह से शाम तक प्लांट परिसर का बारीकियों से निरीक्षण किया और प्रोडक्शन सहित मेंटेनेंस को लेकर पुराने डाटा खंगाले।

वेदांता थर्मल पावर प्लांट सिंघीतराई में मंगलवार 14 अप्रैल को भीषण हादसा हुआ था। बॉयलर पाइप फटने से यहां 34 श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गए, जिनमें से 23 लोगों की मौत हो चुकी है, वही दर्जन भर घायल श्रमिक खरसिया, रायगढ़, बिलासपुर और रायपुर के अस्पताल में भर्ती हैं, जिनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। इस हादसे की जांच के लिए केंद्रीय स्तर पर भी कमेटी का गठन किया गया है। शनिवार 18 अप्रैल को सेंट्रल पावर रिसर्च सेंटर के ज्वाइंट डायरेक्टर प्रफुल्ल चंद्र डोंगरे के साथ आधा दर्जन से अधिक अफसरों की टीम वेदांता पावर प्लांट पहुंची। सुबह 10 बजे के करीब पहुंची अफसरों की टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और पूरी सूक्ष्मता के साथ पाइपलाइन और प्लांट की मशीनरीयों का अवलोकन किया। इसके साथ ही टीम ने प्लांट के डाटा निकलवाए है। बताया जाता है कि पुराने डाटा के आधार पर तकनीकी जांच की जा रही है। वे सुबह से देर शाम तक प्लांट परिसर में रहे और एक-एक बिंदुओं पर गहन जांच की। दोपहर के वक्त सक्ती जिले के कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, एडिशनल कलेक्टर वीरेंद्र लकड़ा और संबंधित अधिकारी भी प्लांट परिसर में पहुंचे। बताया जाता है की जांच टीम में ज्वाइन डायरेक्टर के साथ क्वालिटी एंड लेब के जनरल मैनेजर डीपी अन्तपुरकर, मड़वा पावर प्लांट के एडिशनल चीफ इंजीनियर आलोक लकड़ा सहित अन्य अधिकारी रहे। जांच की प्रक्रिया शाम के 7 बजे तक चली, इसके बाद वरिष्ठ अधिकारी सक्ती के लिए रवाना हुए। जबकि कुछ लोग डाटा एकत्र करते प्लांट में ही रुक रहे। सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनों ने बताया कि सेंट्रल से जांच कमेटी पहुंची थी। कमेटी सुबह की संयंत्र परिसर में दाखिल हो गई, दोपहर में कलेक्टर प्लांट पहुंचे, टीम के साथ वे रहे हैं। शाम तक जांच प्रक्रिया चली। इसके बाद अधिकारियों के साथ में सक्ती लौटे हैं। अधिकारियों की टीम रविवार को लौटेगी। इसके बाद उनके द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।




### अस्पताल में भर्ती दो और श्रमिक की मौत,मृतकों की संख्या हुई 23

सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता थर्मल पावर प्लांट में बॉयलर फटने से हुए भीषण हादसे मे मृतकों की संख्या 21 से बढ़कर 23 पहुंच चुकी है। बताया जाता है कि रायगढ़ अस्पताल में भर्ती दो और श्रमिकों की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके अलावा शेष घायलों का अलग-अलग जगहों पर उपचार चल रहा है, जिनमें भी कईयों की हालत और गंभीर बताई जा रही है। गौरतलब है कि सक्ती जिले के डभरा ब्लॉक अंतर्गत सिंघीतराई में संचालित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार 14 अप्रैल को दोपहर करीब तीन बजे भीषण हादसा हो गया था। यहां बॉयलर का प्रेशर पाइप अचानक फट गया, जिससे उसमें प्रवाहित तकरीबन 600 डिग्री सेल्सियस तापमान में खौल रहे पानी और भाप का गुबार पूरे क्षेत्र में फैल गया। ऐसे में वहां अफरातफरी मच गई और घटना में बड़ी संख्या में मौजूद कर्मचारी झुलस गए। इस दौरान घटना स्थल पर ही श्रमिकों की मौत हो गई और दो दर्जन से अधिक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद झुलसे श्रमिकों को किसी तरह बाहर निकाल कर खरसिया और रायगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए कुछ लोगों को बिलासपुर और रायपुर रिफर किया गया। घटना में अब तक मृतकों की संख्या 23 पहुंच चुकी है। मंगलवार तक 12 लोगों की मौत हुई थी, जबकि बुधवार को यह आंकड़ा 20 हो गया। शुक्रवार 17 अप्रैल को रायपुर में भर्ती एक श्रमिक की मौत हो गई, फिर 18 अप्रैल को मेडिकल कॉलेज रायगढ़ मैं भारती वेस्ट बंगाल के सुब्रतो जेना और कालड़ा अस्पताल रायपुर में भर्ती एक श्रमिक की मौत हो गई। इस तरह से हादसे में मरने वालों की संख्या 23जा पहुंची है। इधर बाकी के घायलों का उपचार चल रहा है, इनमें भी आधे की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

# अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश, 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 लाख से अधिक का माल बरामद किया गया है। गिरोह के अन्य सदस्य फरार है, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल की रात अनन्त बिहार नहरिया बाबा रोड नैला में सैयद अली के घर में घुसकर चोरों ने सोने, चांदी के जेवर पार कर दिए। मामले की रिपोर्ट पर चौकी नैला में अज्ञात आरोपी के विरूद्व धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। सायबर टीम द्वारा घटनास्थल से लगे सीसीटीव्ही की मदद से आरोपियों के भागने के संभावित सभी रास्तों का बारीकी से अवलोकन किया गया। घटना स्थल के पास से एक संदिग्ध सफेद रंग की कार क्रमांक सीजी-04-एच.के. 6504 को गुजरते हुए सीसीटीब्ही में देखा गया। वाहन के संबंध में पतासाजी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त वाहन मध्यप्रदेश के बालाघाट आटोमोबाईल दुकान से एग्रीमेंट कर प्रकाष जावरे नामक व्यक्ति ने खरीदा है। पतासाजी करने पर ज्ञात हुआ कि बिलासपुर कोनी निवासी राजेश पटेल उक्त व्यक्ति का मित्र है जो नांदघाट तरफ परिवारिक कार्यक्रम में गया हुआ है। सायबर टीम द्वारा नांदघाट जाकर उसे पकड़ा गया। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसने अपने साथी भाई पप्पू पटेल एवं प्रकाश जावरे के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देना जुर्म स्वीकार किया। प्रकरण में शामिल अन्य 2 आरोपियों की पतासाजी करते हुए टीम द्वारा जिला बालाघाट ग्राम उकवा में आरोपी के निवास स्थान से घेराबंदी कर पप्पू पटेल एवं प्रकाश जावरे को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर दोनों ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि सैयद अली के घर का घटना के शाम को रेकी कर रात्रि में चोरी की गई। पप्पु पटेल कार में बैठा था तथा प्रकाश जावरे एवं राजेश पटेल प्रार्थी के घर के पास नवनिर्मित मकान से एक बल्ली तथा सेटरिंग बांधने वाले राड, छड़ को साथ लेकर घुसे। खिड़की के ग्रिल को तोड़कर घर अंदर प्रवेश किया। घर के अंदर जाकर रूम के दरवाजा तोड़ा और लकड़ी के अलमारी को तोड़कर सोने एवं चांदी के आभुषणों को चोरी कर राजेश पटेल के साथ गाड़ी में बैठकर फरार हो गए। इसके बाद राजेश पटेल को बिलासपुर में छोड़कर प्रकाश और पप्पु जिला बालाघाट ग्राम उकवा चले गए, जहां चोरी किए गए सोने चांदी के जेवर को उकवा के एक सोनार के दुकान में बेच दिया।चोरी के गहने खरिदी करने वाला सोनार फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है। आरोपियों द्वारा 2 जनवरी की रात्रि में चौकी नैला क्षेत्र के विष्णु बिहार कालोनी जांजगीर के सुने मकान में घुसकर 80 हजार रुपए के सोने चांदी के जेवर की भी चोरी करना स्वीकार किया। इसी प्रकार आरोपियों द्वारा जिला मुंगेली के लोरमी क्षेत्र के कुदरापारा में 18 मार्च को रात्रि में सुने मकान का ताला तोड़कर नगदी 25 हजार एवं सोने चांदी का गहने की चोरी की गई थी। गिरफतार आरोपियों के कब्जे से एक कार पुरानी, तीन नग मोबाइल, नगदी 5 हजार रुपए, सोने व चांदी के जेवर समेत 2लाख 30 हजार रुपए का माल जप्त किया गया है। मामले में पुलिस ने प्रकाश जावरे उम्र 24 साल निवासी ग्राम उकवा जिला बालाघार मध्यप्रदेश, पप्पू पटेल उम्र 22 साल निवासी बडी कोनी थाना कोनी बिलासपुर तथा राजेश पटेल उम्र 19 साल निवासी बडी कोनी थाना कोनी बिलासपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है। गिरोह के अन्य सदस्य फरार है, जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस पतासाजी में जुटी है।

■ आरोपियों के कब्जे से 2 लाख 30 हजार का माल बरामद

# करही प्रायमरी स्कूल में शनिवार को लटका ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने सोमवार 20 अप्रैल से स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की है। इधर जैजैपुर ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला करही में शनिवार 18 अप्रैल को ही ताला लग गया।

विकासखंड जैजैपुर में इन दिनों शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की लापरवाही दिखाई दे रही है। इसका ताजा उदाहरण शासकीय प्राथमिक शाला करही में 18 अप्रैल शनिवार को सुबह 8 बजे देखने को मिला। विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगा हुआ था। जिम्मेदार प्रधान पाठक और यहां पर पदस्थ शिक्षिका अपने विद्यालय से नदारत थी। यहां पर जिम्मेदार प्रधान पाठक रमेश कुमार शुक्ला और शिक्षिका ममता बाई बंजारे नहीं पहुंचे। स्कूल पहुंचे छोटे-छोटे बच्चे बैरंग उल्टे पांव अपने अपने घर को चले गए। उल्लेखनीय है कि बढ़ती गर्मी के चलते छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने सोमवार 20 अप्रैल से स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की है। इधर करही के प्रायमरी स्कूल के शिक्षकों ने शनिवार 18 अप्रैल को ही स्कूल में ताला जड़ दिया। इस तरह यहां शनिवार से ही छुट्टी हो गई।



#### किया है निरीक्षण

शनिवार को विद्यालय समय में निरीक्षण में गया था। शासकीय प्राथमिक शाला करही बंद पाया गया है।

**-सहदेव प्रसाद निराला,**
संकुल प्रभारी
संकुल केंद्र करही

#### करेंगे कार्रवाई

उक्त संबंध में जानकारी लेकर शासन के नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

**-दीपक कुमार गुप्ता,**
बीईओ जैजैपुर

### पौना में बारातियों पर हमला, पांच गंभीर रूप से घायल

**जांजगीर-चांपा।** मुलमुला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पौना में बारातियों के साथ ग्रामीणों का विवाद हो गया। इस दौरान जमकर मारपीट हुई। लाठी डंडे से ग्रामीणों ने बारातियों की पिटाई कर दी, जिसमें पांच लोग गंभीर रुप से घायल हुए है। बताया जा रहा है कि 16 अप्रैल को खोखरा गांव से पुनउराम यादव के यहां बरात पौना गांव पहुंची थी। इसी दौरान परघनी कार्यक्रम के समय किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। हमले में करीब 5 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मनेश्वर यादव, अविनाश बरेठ, देवराज बरेठ और दूल्हे के पिता अशोक यादव शामिल हैं, जो सभी खोखरा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। वहीं लोकेश यादव निवासी खरौद की आंख पर गहरा जख्म आया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना में दूल्हे के पिता की भी बेरहमी से पिटाई की गई। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल जांजगीर में कराया गया। फिलहाल मुलमुला पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# नोटिस देने पहुंचे पंचायत सचिव पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चाम्पा।** प्रधानमंत्री आवास की राशि पाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं करने वाले को नोटिस देने पहुंचे पंचायत सचिव की पिटाई कर दी गई। मामले में बलौदा पुलिस ने सचिव पर हमला करने वाले को गिरफ्तार कर लिया है।

बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम कुरमा में शासकीय कार्य के दौरान पंचायत सचिव के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुरमा निवासी अजय कुमार खूटे (36 वर्ष) को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 40 हजार रुपये की प्रथम किस्त प्राप्त हुई थी, लेकिन उसने निर्माण कार्य शुरू नहीं किया। इस पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा नोटिस जारी किया गया था। पंचायत सचिवअपने सहयोगियों के साथ 7 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे नोटिस तामील कराने अजय कुमार खूंटे के घर पहुंचा। इस दौरान अजय कुमार ने नोटिस लेने से इनकार कर दिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सचिव वापस लौटने लगा, तब आरोपी ने घर से बाहर आकर उन्हें रोक लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। घटना की रिपोर्ट पर थाना बलौदा में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 296, 351(3), 115(2), 221, 121(1), 132 के तहत मामला दर्ज किया गया।पुलिस टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए अजय कुमार खूंटे को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने अजय कुमार खूंटे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है ।



# 23 केन्द्रों में परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा आज, 66 सौ अभ्यर्थी होंगे शामिल

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ व्यापमं द्वारा 19 अप्रैल को परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा ली जाएगी। जिले में इसके लिए 23 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। यहां 6664 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना होगा ताकि उनकी फ्रिस्किंग एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। मुख्य द्वार दोपहर 10.30 बजे बंद कर दिया जावेगा। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जमुनी, मैरून, बैगनीरंग व गहरे चाकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्श, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी, परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में केवल काले या नील बाल पॉइंट पेन लेकर ही आना होगा।






# धूमधाम से आज मनेगा परशुराम जन्मोत्सव, होगा उपनयन संस्कार, निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय भगवान परशुराम ब्राम्हण युवा संगठन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ब्राम्हण कुल भूषण भगवान परशुराम का जन्मोत्सव परम्परानुसार धूमधाम से रविवार 19 अप्रेल को मनाया जावेगा। संगठन द्वारा इस वर्ष भी 30 ब्राम्हण बटुकों के उपनयन संस्कार का आयोजन किये जाने के अलावा भगवान परशुराम की शोभायात्रा धूमधाम से बाजे-गाजे के साथ नगर में निकाली जायेगी। उधर स्थानीय मारवाड़ी ब्राम्हण सेवा संघ द्वारा भी परशुराम जयंती पर शोभायात्रा निकाले जाने सहित राधाकृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके बाद मारवाड़ी ब्राम्हण समाज के सभी परिवारों के लिए दोपहर 1 बजे से डोंगाघाट स्थित डिडवानिया धर्मशाला में भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया है।



स्थानीय भगवान परशुराम ब्राम्हण युवा संगठन द्वारा 30 विप्र बटुकों का उपनयन किया जायेगा। तय कार्यक्रम के अनुसार 19 एवं 20 अप्रेल को सुबह से लेकर शाम तक तेल चूलमाटी , हल्दी , मंडप व वेदी पूजा, भिक्षा, मुण्डन की प्रक्रिया चलेगी। सायं 4 बजे समाज के भगवाताचार्यों तथा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद शाम 5 बजे से परशुराम भवन से विप्रकुल भूषण भगवान परशुराम जी की शोभा यात्रा धूमधाम से बाजे-गाजे के साथ निकाली जाएगी। इस वर्ष परशुराम जयंती समारोह के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास होंगे। समारोह की अध्यक्षता प्रकाश इण्डस्ट्रीज के निदेशक कारर्पोरेट ए.के. चतुर्वेदी करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रकाश इण्डस्ट्रीज के ही संजय जोशी, अशोक शर्मा, सुधाकर सारस्वत और डीबी वेंचर्स के धीरेन्द्र बाजपेयी होंगे। इसके बाद शोभायात्रा प्रारंभ होकर लायंस चौक, थाना चौक, सुभाष चौक, राधाकृष्ण मंदिर चौक, सदर बाजार, कदम्ब चौक होते हुए परशुराम चौक पहुंचेगी जहां भगवान परशुराम जी की महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ ही आयोजन का समापन होगा। उधर मारवाड़ी ब्राम्हण सेवा संघ द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 19 अप्रेल को सुबह 9 बजे से खाटू श्याम मंदिर से शोभायात्रा राधाकृष्ण मंदिर तक निकाली जायेगी। समाज के लोगों के लिए ड्रेस कोड के तहत पुरुषों के लिए सफेद कुर्ता पायजामा तथा महिलाओं के लिए पीली साड़ी पहनाना निर्धारित किया गया है। मंदिर पहुंचने के बाद भगवान परशुराम जी की पूजा - अर्चना कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से डोंगाघाट स्थित डिडवानिया धर्मशाला में समाज के परिवारों के लिए भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया है। नगर का विप्र समाज अपने आराध्य देव भगवान परशुराम जी की जयंती समारोह को सफल बनाने में जुटा हुआ है।










# छात्राओं व प्रवासी मजदूरों के लिए लांच हुआ इंडेन का 'छोटू' सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गांव-देहात व जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पढ़ने या कामकाज के सिलसिले में शहर पहुंचे लोगों को खाना बनाने के लिए गैस सिलेंडर की चिंता करने की अब कोई जरूरत नहीं है। इंडेन गैस कंपनी ने ऐसे लोगों के लिए खास तौर पर पांच किलोग्राम वजनी 'छोटू' सिलेंडर लांच किया है। इसे लेने के लिए किसी खास दस्तावेज की जरूरत नहीं होगी। शासन द्वारा जारी किसी भी पहचानपत्र के जरिए इसे इंडेन के अधिकृत डीलरों से प्राप्त किया जा सकेगा।

**अलग खबर**

शहर आकर पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं या कामकाजी महिलाओं के अलावा इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों को अब गैस सिलेंडर की उपलब्धता के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा इस वर्ग को ध्यान में रखकर पांच किलोग्राम वजनी छोटू सिलेंडर लांच किया गया है। सरकार द्वारा जारी विभिन्न पहचान पत्रों आधार कार्ड, पेनकार्ड, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्रायविंग लाईसेंस जैसे दस्तावेजों में कोई भी एक प्रस्तुत कर ग्राहक यह सिलेंडर प्राप्त कर सकेंगे।

कामकाजी महिलाओं एवं छात्राओं के द्वारा ज्यादातर छोटे स्टोव्हनुमा चूल्हे इस्तेमाल किए जाते हैं, जिसमें नीचे सिलेंडर व ऊपर चूल्हा लगा होता है। वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली गैस की किल्लत के कारण कालाबाजारी को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा की गई सघन छापामारी के अंतर्गत गैस सिलेंडरों में चोरी-छिपे रिफिलिंग करने वालों की अवैध सामग्री न केवल जब्त की गई थी, बल्कि सबके खिलाफ कार्रवाई भी की गई थी। ऐसे में छात्राओं व कामकाजी महिलाओं के सामने उनके छोटे सिलेंडरों में रिफिलिंग की समस्या आने लगी थी। इंडेन द्वारा बगैर फार्मेलिटी के जारी किए जाने वाले छोटू सिलेंडर से इन्हें काफी राहत मिल सकेगी।

**बिना किसी झंझट- परेशानी के मिल सकेगा**

- कोई भी पहचान पत्र दिखाकर लिया जा सकेगा नया कनेक्शन




### अमेरी-अकबरी में बांटे गए 30 सिलेंडर

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड एवं खाद्य विभाग की टीम के द्वारा शुक्रवार को अमेरी-अकबरी इंडस्ट्रियल एरिया में काम करने वालों को शिविर के माध्यम से 30 कनेक्शन जारी किए गए हैं। श्रमिकों के द्वारा सुलभ तरीके से मिलने वाले छोटू सिलेंडर का कनेक्शन हाथोंहाथ लिया गया। आईओसीएल द्वारा कुछ ही दिनों के भीतर शारदा गैस एजेंसी के आसपास शिविर लगाकर गैस कनेक्शन वितरित किए जाएंगे। इस क्षेत्र में काफी हॉस्टल हैं, जहां बाहर से आकर पढ़ने वाली छात्राओं को कनेक्शन जारी किए जाएंगे।

### किया जाएगा वितरण

इंडेन कंपनी के द्वारा पांच किलोग्राम वजनी गैस सिलेंडर लांच किया गया है। यह सिलेंडर विशेषकर प्रवासी श्रमिकों, कामकाजी महिलाओं व छात्राओं के लिए काफी मददगार साबित होगा। इसका कनेक्शन लेने के लिए कोई खास दस्तावेज की जरूरत भी नहीं होगी। अमेरी-अकबरी में 30 कनेक्शन जारी किए गए हैं। बहुत जल्द शारदा गैस एजेंसी के आसपास शिविर लगाकर छात्राओं को कनेक्शन वितरित किए जाएंगे।

- हेमप्रकाश साहू
सेल्स ऑफिसर आईओसीएल

**945 में नया कनेक्शन 615 रूपए में रिफिलिंग**

छोटू सिलेंडर के नए कनेक्शन के लिए ग्राहकों को पहली बार कंपनी में 945 रूपए जमा करने होंगे। ग्राहकों को एक ही शहर या एक ही डीलर से रिफिलिंग की बाध्यता नहीं रहेगी। वे शहर के बाहर भी किसी भी इंडेन एजेंसी से रिफिलिंग करा सकेंगे। ग्राहकों को रिफिलिंग के लिए पांच किलोग्राम गैस के लिए 615 रूपए खर्च करने होंगे।

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना में युवक की मौत, अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए चालक ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। घायल व्यक्ति को परिजनों ने सिम्स में भर्ती किया लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिम्स चौकी के आरक्षक ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कराया है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के दीनदयाल कालोनी के जैतखंड के पास की है। जहां बाइक क्रमांक सीजी 10 एडब्ल्यू 2438 के चालक द्वारा एक युवक को घायल कर दिया गया। जिसे इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।मृतक युवक कुशल प्रसाद पिता ईश्वरी प्रसाद उम्र 32 मुलतः खपरी मुलमुला का रहने वाला है। मृतक के परिजन लक्ष्मण नायक ने सिम्स चौकी में घटना की सूचना दी थी। चौकी के आरक्षक यशवंत कश्यप ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### जमीन बंटवारे को लेकर बेटे ने मचाया उपद्रव

**बिलासपुर।** जमीन बंटवारे को लेकर अमेरी में रहने वाले एक युवक ने परिजनों के साथ मारपीट करते हुए गाली गलौज की है। युवक की मां ने सकरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार अमेरी निवासी महेसिया कोशले आंगनबाड़ी सहायिका है और उसके 4 लड़के और 3 लड़की है। उसका छोटा बेटा राहुल कोसले आए दिन जमीन बंटवारे को लेकर झगड़ा करता है। 16 अप्रैल को राहुल घर पहुंचा और नशे के हालत में घर के कुत्ते को लकड़ी से पीटने लगा। जिसे लेकर महेसिया ने मना किया लेकिन राहुल कोसले नहीं माना और गाली गलौज करते हुए अपनी मां को ही बुरा भला कहने लगा। इस दौरान युवक ने बहन को कमरे में बंद कर गला दबाने की कोशिश करता रहा, जिसे परिजनों से छुड़ाया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सड़क बाधित कर रहे ई-रिक्शा चालक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सड़क रोककर सवारी भरने के नाम पर राहगीरों से हुज्जतबाजी करने वाले ई रिक्शा चालक पर सिविल लाइन पुलिस ने जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी सरजू बगीचा निवासी अमित साहू पिता श्याम सुंदर साहू शुक्रवार की सुबह 6.30 बजे अपने काम से मंगला जा रहे थे। इस दौरान नेहरू चौक पहुंचे थे जहां ई रिक्शा सीजी 10 बीएस 9434 चालक राजेश यादव द्वारा सवारी बैठाने को लेकर बहस किया जा रहा है। अमित साहू ने उसे सड़क से गाड़ी हटाकर सवारी बैठाने की बात कही, जिससे चालक भड़क गया और मारपीट पर उतारू हो गया। प्राथी अमित साहू ने आरोपी राजेश यादव पिता जवरीलाल यादव उम्र 46 वर्ष अभिषेक नगर मंगला निवासी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### एसी थ्री में 60 से अधिक और एसी 2 की वेटिंग 40 के पार

**बिलासपुर।** गर्मी की छुट्टी होने के साथ बच्चों के साथ उनके परिजन बाहर जाने से ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ एसी कोच में है, जिसके कारण एसी थ्री की वेटिंग 60 से अधिक और एसी टू की वेटिंग ने 40 का आंकड़ा पार कर दिया है। वेटिंग के कंफर्म होने के लिए सैकड़ों यात्री अभी भी इंतजार में खड़े हुए हैं। स्कूलों की परीक्षा समाप्त होने के अलावा भीषण गर्मी को देखते हुए शासन ने मई तक की छुट्टी करने का आदेश जारी कर दिया है। छुट्टी का समाचार मिलने के बाद बच्चों के चेहरे भी खिल गए हैं। प्रतिवर्ष बच्चे और उनके परिजन छुट्टियां मनाने के लिए बाहर आना-जाना करते हैं।

**बोर्ड के रिजल्ट में होगी देरी : अनुपस्थित लोगों पर होगी कार्रवाई**

# हिंदी की कापियां जांचने पहुंचे 320 में से सिर्फ 67 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बारहवीं हिंदी का पेपर लीक होने के बाद दोबारा परीक्षा कराना तो शिक्षा विभाग के लिए चुनौती था ही, लेकिन अब कॉपियों की जांच में सामने आई लापरवाही ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तय समय बीत जाने के बाद भी जिले में ही 5 हजार कापियों की जांच बाकी है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि दो मुल्यांकन केन्द्रों में 320 हिंदी शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी जिसमें से 67 लोग ही पहुंचे थे। इसमें से एमएलबी में 160 शिक्षकों में 37 और सरकंडा कन्या स्कूल में 160 में 30 जांचकर्ता ही पहुंचे थे। अब इसी कारण इस साल रिजल्ट में देरी तय मानी जा रही है।

शिक्षा विभाग के मुताबिक 12वीं हिंदी विषय की परीक्षा 10 अप्रैल 2026 को दोबारा आयोजित की गई थी। इसके बाद 13 और 14 अप्रैल को उत्तर पुस्तिकाओं की जांच पूरी करने का लक्ष्य तय किया गया था। लेकिन, यह लक्ष्य अधूरा रह गया। करीब 15 हजार उत्तर पुस्तिकाएं जांच के लिए जिले के जो मूल्यांकन केंद्रों पर पहुंचीं, लेकिन अभी तक 10 हजार के करीब जांची जा सकी हैं तो 5 हजार शेष है। केन्द्राध्यक्षों के मुताबिक बड़ी संख्या में मूल्यांकनकर्ताओं की अनुपस्थिति के कारण काम प्रभावित हुआ है।

### पहले दो चरण में समय पर हुआ था काम

जिले में 10वीं और 12वीं बोर्ड के अन्य विषयों की कॉपियों की जांच पहले ही तय समय में पूरी कर ली गई थी। डेढ़ लाख कापियों का मूल्यांकन दो चरणों में किया गया और समय पर अंकसूची तैयार कर भेज दी गई। 6 अप्रैल तक यह पूरा काम खत्म हो चुका था, जिसे विभाग की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा था। अब लेकिन हिंदी विषय का पेपर लीक होने के कारण तीसरे चरण में अलग से परीक्षा और मूल्यांकन करना पड़ा। इसी अतिरिक्त चरण में अब अव्यवस्था और देरी सामने आ रही है। जहां पहले काम समय पर हो गया था, वहीं अब उसी सिस्टम में सुस्ती दिख रही है।



- रिजल्ट में देरी से इस साल प्रवेश व काउंसलिंग प्रक्रियाएं प्रभावित होने की आशंका
- हिंदी की 15 हजार कापियां जांचने के लिए आईं थीं, 5 हजार का मूल्यांकन बाकी

### अनुपस्थित रहे तो अनुशासनात्मक कार्रवाई

इधर शिक्षा विभाग ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए मूल्यांकनकर्ताओं को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही सभी स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि हिंदी विषय के शिक्षकों को तत्काल कार्यमुक्त कर मूल्यांकन केंद्र भेजा जाए और अनुपस्थित रहने वालों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे के मुताबिक संबंधित शिक्षकों को पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं। यदि इसके बाद भी वे मूल्यांकन कार्य में शामिल नहीं होते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दूरदराज के शिक्षक ज्यादा गैरहाजिर

जानकारी के अनुसार, दूरदराज क्षेत्रों के बड़ी संख्या में शिक्षक मूल्यांकन कार्य में शामिल नहीं हो पाए हैं। लंबी दूरी, आवागमन की परेशानी और समय की कमी को इसकी वजह माना जा रहा है। कई शिक्षकों के समय पर नहीं पहुंचने से मूल्यांकन केंद्रों में अपेक्षित संख्या नहीं बन पा रही है, जिससे काम की गति धीमी हो गई है। यदि यही स्थिति बनी रहती है, तो बचे हुए हजारों कॉपियों की जांच में और देरी हो सकती है। इससे पूरे मूल्यांकन शेड्यूल पर असर पड़ने की आशंका है।

### रिजल्ट में देरी से बढ़ी सभी की चिंता

इधर अधिकारी भी मान रहे हैं कि मूल्यांकन कार्य में हो रही देरी का सीधा असर 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम पर पडना तय है। हर साल 10 या 11 मई तक रिजल्ट जारी कर दिए जाते हैं, जिससे छात्रों को आगे की पढ़ाई और प्रवेश प्रक्रिया में सुविधा मिलती है। इस बार परीक्षा भी तय समय से पहले शुरू और समाप्त हुई थी। उम्मीद थी कि परिणाम भी जल्दी आएंगे लेकिन हिंदी विषय की कॉपियों की जांच में हुई देरी ने इस संभावना को कमजोर कर दिया है। छात्रों व अभिभावकों की चिंता अब बढने लगी है, क्योंकि रिजल्ट में देरी से प्रवेश व काउंसलिंग प्रक्रियाएं प्रभावित हो सकती हैं।

# हाईकोर्ट ने लिंगियाडीह बस्ती में तोड़फोड़ पर लगाई अंतरिम रोक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने लिंगियाडीह बस्ती में रहने वाले 36 लोगों के घरों और कब्जों को तोड़ने की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। इन लोगों ने राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत आवश्यक शुल्क जमा किया है। याचिकाकर्ता मोहल्लेवासियों ने अपनी याचिका में नगर निगम पर आरोप लगाया है कि रिहायशी जमीन पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए पीढ़ियों से वहां रह रहे लोगों को बेदखल किया जा रहा है। जस्टिस एनके चंद्रवंशी की सिंगल बेंच ने शुक्रवार को याचिकाकर्ताओं को बड़ी राहत देते हुए उनके घरों और कब्जे को तोड़ने की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी।

**148 दिनों से जारी है आंदोलन**

- याचिकाकर्ता बोले- निगम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए कर ही बेदखल

याचिका के मुताबिक यह सभी याचिकाकर्ता वर्ष 2019–20 में हुए सर्वे के तहत राजीव गांधी आश्रय योजना के अंतर्गत पात्र पाए गए थे। इस योजना के तहत राज्य सरकार ने इन्हें कब्जे वाली जमीन पर ही पट्टा देने का निर्णय लिया था। हालांकि साल 2024 में राज्य सरकार ने अपने इस निर्णय को लागू नहीं किया। अब नगर निगम बिलासपुर ने उस स्थान पर व्यावसायिक परिसर और गार्डन विकसित करने की योजना बनाई है। सुनवाई के दौरान जस्टिस एनके चंद्रवंशी ने यह सवाल उठाया कि राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत आवश्यक शुल्क लेने के बावजूद अब तक पट्टा क्यों नहीं दिया गया। कोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अतिरिक्त महाधिवक्ता प्रवीण दास और नगर पालिका निगम के अधिवक्ता रणवीर सिंह मरहास से इस संबंध में जवाब मांगा।

### सरकार ने कहा- राजीव गांधी आश्रय योजना रद्द

जवाब में अधिवक्ताओं ने बताया कि साल 2023 में शासकीय जमीन पर पट्टा देने के नियम बदल दिए गए हैं। नए नियमों के अनुसार अब इन व्यक्तियों को उस स्थान पर पट्टा नहीं दिया जा सकता। सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि प्रभावित लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत खमतराई इलाके में फ्लैट सिस्टम के रूप में एक-एक छोटा मकान देने का प्रस्ताव है। राज्य सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि राजीव गांधी आश्रय योजना को अब रद्द कर दिया गया है।

### नया अधिनियम अधिकार को समाप्त नहीं करता

याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव, अनिमेष वर्मा,कृष्णराज मिश्रा और आशीष बैक ने न्यायालय के समक्ष अपने तर्क रखे। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने मामले को विस्तृत सुनवाई के योग्य मानते हुए अंतरिम राहत प्रदान की। इसके तहत आदेश दिया गया है कि अगली सुनवाई तक याचिकाकर्ताओं के मकानों और कब्जे को नहीं तोड़ा जाएगा। मामले की अंतिम सुनवाई ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद जून माह में होगी।

# त्रिनेत्र सेवा समिति ने एक करोड़ रुपए जुटाए

**बिलासपुर।** त्रिनेत्र सेवा समिति को शहरवासियों का व्यापक समर्थन मिल रहा है और अब तक 1 करोड़ रुपए की स्वस्फूर्त राशि नागरिकों द्वारा जमा की जा चुकी है। समिति की बैठक इंटीग्रेटेड कमाण्ड एवं कंट्रोल सेंटर तारबाहर चौक में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल ने की।

बैठक में कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, प्रवीण झा, डॉ. देवेन्द्र सिंह, सतीश कुमार शाह, नवदीप अरोरा, सुरेन्द्र गुम्बर, प्रमोद खेड़िया, सिद्धार्थ भट्टाचार्य, आशीष खेड़िया, मनीष अग्रवाल, मनीष सखूजा, प्रकाश सोंथालिया, जवाहर सराफ, मनीष जैन, राजकुमार केडिया, प्रवीण भार्गव, नवदीप सिंह छाबड़ा, राजीव कुमार छुरा, रामगोपाल करियारे, वाय श्रीनिवास एवं सौरभ सक्सेना उपस्थित रहे।

बैठक में वाय श्रीनिवास एवं राजीव कुमार छुरा द्वारा त्रिनेत्र परियोजना पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। तकनीकी समिति की अगली बैठक 20 अप्रैल को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें टेलीकॉम कंपनियों एवं अडानी गैस के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। त्रिनेत्र के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने के लिए एक प्रचार-प्रसार समिति का गठन किया गया है, जो फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाएगी। इस समिति की जिम्मेदारी मनीष अग्रवाल को दी गई है, जिसमें प्रवीण भार्गव, आशीष केडिया, प्रकाश सोंथालिया एवं शंकर राव को सदस्य बनाया गया है।



### समन्वय स्थापित करने समिति गठित

त्रिनेत्र संचालन समिति से अन्य व्यावसायिक संगठनों को जोड़ने एवं उनका सहयोग प्राप्त करने के उद्देश्य से सुनील सोंथालिया की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया। जो विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों से समन्वय स्थापित करेगी। नागरिकों एवं व्यावसायिक संगठनों से सहयोग प्राप्त करने के लिए एक अन्य समिति का गठन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता प्रवीण झा को सौंपी गई। उनके सहयोग के लिए सुरेन्द्र गुम्बर, प्रमोद केडिया, सतीश शाह, विनोद मेघानी, परमजीत सिंह सलूजा, केतन सुतारिया, विनोद जैन, प्रमोद जैन एवं कमल सोनी को शामिल किया गया है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने त्रिनेत्र अभियान को जनआंदोलन का रूप देने पर जोर दिया।

# ट्रेन के गेट पर बैठकर सोया युवक नीचे गिरकर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेन की गेट पर बैठने के बाद युवक को नींद आ गई और वह सो गया। अचानक झटका लगने के कारण वह सीधे ट्रेन के नीचे गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोट पहुंचने पर सिम्स में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

- रात 3 बजे गीतांजलि एक्सप्रेस में हुई घटना

प्रतिदिन देर रात बिलासपुर पहुंचने वाली 12859 सीएसएमटी-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस में गुरुवार को गुना निवासी श्रीमोहन सहित तीन अन्य अहमदाबाद से चक्रधरपुर जा रहे थे। कोच में मजदूर सहित अन्य यात्रियों की भीड़ के कारण उन्हें बैठने के लिए जगह नहीं मिल सकी तो श्रीमोहन और उसका मित्र सोनू वैष्णव कोच के गेट पर जाकर बैठ गए। गेट पर बैठे-बैठे अचानक श्रीमोहन को नींद लग गई। दाधापारा स्टेशन के पास अचानक झटका लगने से गहरी नींद से सोया श्रीमोहन नीचे गिर गया। श्रीमोहन को नीचे गिरते देख उसके साथ बैठे सोनू वैष्णव ने अलार्म चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोकवा दिया। अपने एक साथी के साथ सोनू वैष्णव ने पीछे जाकर श्रीमोहन को अंदर से बाहर निकाला। इस दौरान वहां रेलवे के अन्य कर्मचारी और दूसरे यात्री भी पहुंच गए थे। चेन पुलिंग के कारण गाड़ी दाधापारा-बिलासपुर के बीच आधे घंटे तक खड़ी रही। देर रात 3 बजे ट्रेन से गिरकर घायल हुए श्रीमोहन का मेमो बिलासपुर जीआरपी के पास पहुंचा। घायल श्रीमोहन को बिलासपुर लाने के बाद जीआरपी ने उपचार के लिए तत्काल सिम्स में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।



घायल सिम्स में भर्ती।

### गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, कार जब्त

**बिलासपुर।** कटघोरा से एमपी के लिए गांजा तस्करी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने सवा करोड़ का गांजा जब्त किया है। खास बात यह है कि एसीसीयू और रतनपुर पुलिस ने मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अर्टिगा क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 7255में अवैध तौर पर गांजा की तस्करी की जा रही है। बताया जा रहा है कि चालक कटघोरा से तस्करी कर मध्यप्रदेश ले जा रहा था। रतनपुर पुलिस और एसीसीयू ने रेड की कार्रवाई करते हुए नेशनल हाईवे नवापारा चौक भेडी मुंडा के पास कार को रोक लिया। कटघोरा की ओर से आ रही की तलाशी ली गई। इस दौरान भारी मात्रा में गांजा मिला, जिसका वजन 245 किलोग्राम है।

# रायपुर रोड के पेट्रोल पंपों में डीजल ड्राई

**बिलासपुर।** शुक्रवार को रायपुर रोड के कुछ पेट्रोल पंपों में डीजल नहीं मिलने के कारण डीजल की किल्लत होने जैसी अफवाह भी उड़ गई। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के अनुसार डीजल व पेट्रोल की सप्लाई में किसी तरह की दिक्कत नहीं है।

शहर में डीजल की उपलब्धता को लेकर अफवाह उड़ने लगी थी। जिससे शहर के पेट्रोल पंपों में लोगों की लाइन लगनी शुरू हो गई। शहर के पुलिस कल्याण पेट्रोल पंप में शाम छह बजे के आसपास पेट्रोल व डीजल के लिए वाहनों की लंबी लाइन लग चुकी थी।

इंडियन ऑयल के अधिकारियों का कहना था कि लगभग हर पेट्रोल पंप में डीजल का प्रतिदिन पेट्रोल व डीजल की बिक्री की एक लिमिट होती है। उस रेश्यो में ही रोज पेट्रोल-डीजल बिकता है। इसी अनुपात के आधार पर वे कंपनी से गाड़ी मंगवाते हैं। कभी-कभी अचानक बिक्री डेढ़ से दो गुनी बढ़ जाने के कारण कुछ देर के लिए पंप ड्राई होने जैसी समस्या आ जाती है।

### पर्याप्त उपलब्धता है

कभी-कभी डीलर के द्वारा प्रतिदिन की बिक्री की तुलना में अचानक अधिक बिक्री कर देने एवं अगली सप्लाई प्राप्त होने में देर होने के कारण कुछ समय के लिए इस तरह की यह स्थिति निर्मित हो जाती है। जिले में पेट्रोल व डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है, कहीं-कोई दिक्कत नहीं है।

- फनेंद्र कुमार चंद्राकर
सेल्स ऑफिसर आईओसीएल

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मालखरौदा, जिला - सक्ती (छ.ग.)
क्र./399/ रीडर / अ.वि.अ. / 2026
मालखरौदा, दिनांक 15/04/26
प्रति,
1. दूधनाथ पिता रामसाय, 2. सुशीला पिता रामसाय, दोनों जाति सतनामी, ग्राम कलमी, तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.)
विषयः-इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202601311900020/अ-6/2025-26 में उपस्थित होने के संबंध में।
एतद् द्वारा आप सबको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में अपीलार्थी हरीराम पिता गुलाराम साहू ग्राम कलमी, तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा न्यायालय तहसीलदार मालखरौदा के नामान्तरण क्रमांक एम.डी. 202526540502900005 आदेश दिनांक 13/11/2025 के विरूद्ध प्रस्तुत अपील में इस न्यायालय में रा.प्र.क्र. 202603311900012 / अ-6 / 2025-26 दर्ज कर प्रकरण आगामी पेशी तिथि 24/04/2026 में आपकी उपस्थिति हेतु नियत है। अतः उक्त पेशी दिवस में आप अनिवार्यतः उपस्थित होना सुनिश्चित करें। ज्ञात हो कि उक्त पेशी तिथि में आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी।
यह ईश्तहार आज दिनांक 10/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील, मुहर सहित जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मालखरौदा
जिला-सक्ती (छ.ग.)

जिला मराठा समाज बिलासपुर (छ.ग.)
कार्यालय - तुलजा भवानी मन्दिर कुदुदण्ड बिलासपुर (छ.ग.)
पंजीयन क्रमांक 2644/1972 ( निर्वाचन कार्यालय)
क्रमांक 01/ निर्वाचन जि.म.स. बिलासपुर/2026 दिनांक 17/4/2026
निर्वाचन सूचना
जिला मराठा समाज बिलासपुर (छ.ग.) के समस्त सम्मानीय सदस्य गण को सूचित किया जाता है कि जिला मराठा बिलासपुर (छ.ग.) का सत्र 2026 से 2029 तक कार्यकाल हेतु चुनाव/ निर्वाचन दिनांक 3/5/2026 दिन रविवार को आई तुलजा भवानी मन्दिर परिसर कुदुदण्ड बिलासपुर (छ.ग.) में सम्पन्न होगा।
निर्वाचन की कार्यवाही निम्नानुसार की जावेगी

| क्र. | कार्यक्रम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निरंक नामांकन पत्र का वितरण | 18.04.2026 से 19.04.2026 | सायं 7 से 9 बजे तक |
| 2 | नामांकन जमा करने का | 21.04.2026 | सायं 7 से 9 बजे तक |
| 3 | नामांकन पत्रों की जाँच एवं प्रकाशन | 22.04.2026 | सायं 5 से 6 बजे तक |
| 4 | नामांकन पत्रों पर दावा आपत्ति | 22.04.2026 | सायं 6 से 7 बजे तक |
| 5 | आपत्तियों का निराकरण | 22.04.2026 | सायं 7 बजे से 8 बजे तक |
| 6 | नाम वापसी | 23.04.2026 | सायं 7 से 9 बजे तक |
| 7 | नामांकन पत्रों का अन्तिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्ह का आबंटन | 24.04.2026 | सायं 7 से 9 बजे तक |
| 8 | मतदान | 03.05.2026 | प्रातः 8 बजे सायं 5 बजे तक |
| 9 | मतगणना एवं चुनाव परिणाम की घोषणा | 03.05.2026 | मतदान के लगभग 1 घंटे पश्चात मतगणना प्रारंभ |

सम्पूर्ण कार्यक्रम आई तुलजा भवानी मन्दिर परिसर कुदुदण्ड बिलासपुर (छ.ग.) में सम्पन्न होगें।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
जिला मराठा समाज, बिलासपुर (छ.ग.)

जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, राफ्टर बेड़ी दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी, दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### खरीफ सीजन में खाद वितरण अब फार्मर आईडी से, एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

**सक्ती।** कृषि विभाग द्वारा खरीफ सीजन में उर्वरकों के वितरण में पारदर्शिता लाने और सब्सिडी का लाभ सीधे वास्तविक किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से एग्रीस्टैक योजना के तहत फार्मर आईडी एवं एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। उप संचालक कृषि सक्ती ने जानकारी देते हुए बताया कि अब सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा खाद का वितरण एग्रीस्टैक पोर्टल में दर्ज किसानों के रकबे के आधार पर किया जाएगा। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि खाद का लाभ केवल पात्र किसानों को ही मिले और किसी प्रकार की अनियमितता न हो। फार्मर आईडी किसानों की एक डिजिटल पहचान है, जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से तैयार की जा रही है। यह आधार कार्ड की तरह एक विशिष्ट पहचान संख्या होती है, जिसमें किसान का व्यक्तिगत विवरण, बैंक खाते की जानकारी तथा भू-अभिलेख (भुईया पोर्टल के अनुसार भूमि विवरण) लिंक रहता है। शासन द्वारा सभी किसानों को शत-प्रतिशत फार्मर आईडी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बिचौलियों पर नियंत्रण करना, खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाना तथा वास्तविक किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना है। जिन किसानों ने अभी तक फार्मर आईडी नहीं बनवाई है या एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन नहीं कराया है, उन्हें जल्द से जल्द यह प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए कहा गया है, ताकि उन्हें खाद प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### विकास कार्यों के लिए डॉ. चरणदास महंत के प्रयास से 1 करोड़ रुपए स्वीकृत

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं सक्ती विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. चरणदास



महंत के प्रयास से अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि के अंतर्गत राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की है। उक्त स्थानों पर पुलिया पुलिया चेक डेम स्टॉप डेम निर्माण होने से लोगो को सुविधा मिलेगी। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में नदी नालों पर कॉग्रेसजनो पंचायत प्रतिनिधियों एवं प्रवास के दौरान आमजन के मांग पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विधायक डॉ चरण दास महन्त ने अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि के अंतर्गत राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति प्रदान की है। इस संबंध में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय सकती के विधायक प्रतिनिधि एवं जिला कॉग्रेस कमेटी के महामंत्री गिरधर जायसवाल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र सकती के अंतर्गत डॉ चरण दास महन्त ने विकास खण्ड सकती के घुइछुआ बोरदा धनपुर बैलचुआ एवं विकास खण्ड बमनीनडीह एवं बलौदा के कोसमन्दा, खम्हिया, उच्चभिठी, झरना, संजय ग्राम में कुल निर्माण की राशि एक करोड एक लाख की हैं। उक्त कार्यो के स्वीकृति होने पर विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों जनों एवं कॉग्रेसजनो के डॉ महन्त को धन्यवाद ज्ञापित किया हैं । इस अवसर पर कॉग्रेस जनोंने कहा कि हम सबके नेता डॉ महन्त ने आदिवासी बहुल इलाकों में लंबे समय से ग्रामीण मांग करते आ रहे कार्यो को प्राथमिकता से स्वीकृति कराई है ग्रामीण जनों ने कहा कि उक्त स्थानों पर पुलिया पुलिया चेक डेम स्टॉप डेम बन जाने से लोगो को सुविधा होगी

### सीबीएसई कक्षा 10वीं में सान्वी ने प्राप्त किए 91.2 प्रतिशत अंक

**चांपा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित दसवीं के परीक्षा परिणाम में चांपा के



मनका पब्लिक स्कूल की छात्रा सान्वी केशरवानी ने उत्कृष्अ प्रदर्शन किया है। सान्वी ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता विभा केशरवानी एवं किशोर केशरवानी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे सान्वी की निरंतर मेहनत और शिक्षकों के सकारात्मक मार्गदर्शन का प्रतिफल बताया। सान्वी ने अपनी सफलता का श्रेय सतत अध्ययन और अपने परिवार के अटूट विश्वास को दिया।

### झेरिया यादव समाज की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

**जांजगीर-चांपा।** देवकी नंदन झेरिया यादव समाज बिलासपुर संभाग जिला जांजगीर- चांपा का सामाजिक सांगठनिक बैठक 17 अप्रैल को बम्हनीडीह/सोनाईडीह में रखा गया था। बैठक में समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा निर्णय लेकर सहमति के साथ निम्न बिंदुओं पर प्रस्ताव पारित किया गया । देवकी नंदन झेरिया यादव समाज बिलासपुर संभाग को प्रदेश स्तर पर कार्यकारिणी गठन कर प्रदेश स्तर पर संचालित करने का निर्णय लिया गया। देवकी नंदन झेरिया यादव समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा एकादश उत्थान यादव कल्याण समिति रायपुर को योगदान देने/सम्मिलित होने का निर्णय लिया गया, जो समाजहित पर एक दूसरे का कार्य संबंध परस्पर बना रहे। छ. ग. में झेरिया यादव समाज की संख्या है लगभग बाईस लाख सड़सठ हजार पांच सौ है जो आज पर्यन्त सामाजिक जानकारी के अभाव में किसी भी प्रकार के संगठन में नहीं जुड़े हैं। ऐसे नए समाज सेवक सक्रिय सदस्यों व्यक्तियों को समाजहित में कार्य करने , समाज की भूमिका निभाने वाले को जोड़ने एवं रखने का निर्णय लिया गया तथा सदस्यता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। संगठन के सहमति निर्णय अनुसार जिला स्तर पर,संभाग स्तर पर कार्य करते हुए। प्रदेश स्तर पर कार्य करने का निर्णय लिया है। समाजहित में कार्य करने वाले लोगों से प्रदेश स्तर, जिला स्तर, तहसील स्तर, केंद्र गांव स्तर कार्य करने अपने दायित्व निभाने के लिए आमंत्रित किया गया है।

---

गोधना, कुकदा और कुरियारी समेत आसपास के गांव में गहराया जल संकट

# पानी के लिए नहर पर लगी टकटकी, गर्मी से सूखे तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सूखा पड़ा नहर।

क्षेत्र के टेल एरिया में जल संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। एक ओर शासन द्वारा 'गांव चलो अभियान' के तहत योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर गोधना, कुकदा, कुरियारी और सलखन जैसे गांवों में बुनियादी जरूरत पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। तालाबों में निस्तारी हेतु पानी उपलब्ध नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

आदर्श ग्राम गोधना का नैया तालाब सहित आसपास के तालाब सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। नहर में पानी छोड़े जाने के बावजूद टेल एरिया तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे तालाब भरने का कार्य पूरी तरह प्रभावित है। हालात यह हैं कि ग्रामीण गंदगी युक्त पानी में ही स्नान और दैनिक कार्य करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सिंचाई विभाग द्वारा जल वितरण में असंतुलन बरता जा रहा है। धुरकोट नहर डिवाइडिंग सेक्टर से नवागढ़ क्षेत्र में 350 क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है, जबकि मुड़पार क्षेत्र में 250 क्यूसेक से भी कम पानी पहुंच रहा है। इसका सीधा असर टेल एरिया के गांवों पर पड़ रहा है। इसके अलावा सेमरा और अवरीद गांव में रबी फसल लगाए जाने के कारण किसानों द्वारा नहर के पानी को बीच में ही रोक लिया जा रहा है, जिससे पानी आगे नहीं बढ़ पा रहा। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार टाइमकीपर द्वारा भी गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 15 दिनों से गोधना, कुकदा और कुरियारी के लोग पानी के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। टाइमकीपर द्वारा बार-बार दो दिनों में पानी भेजने का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी है। जल स्तर में लगातार गिरावट के कारण हैंडपंप भी जवाब देने लगे हैं, जिससे पेयजल संकट और गहरा गया है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जनदर्शन में आवेदन देकर शिकायत भी की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि एक ओर योजनाओं का प्रचार किया जा रहा है, जबकि दूसरी ओर मूलभूत जरूरत पानी की समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। यदि जल्द ही टेल एरिया तक पानी नहीं पहुंचाया गया, तो ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



## गौचर भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर आंदोलन के मूड में ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम पंचायत कल्याणपुर के आश्रित ग्राम दर्रीटॉड में गौचर भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए अवैध कब्जा हटाने एवं सीमांकन कराने की मांग की गई थी। ग्रामीणों द्वारा जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की गई थी लेकिन ज्ञापन सौंपने के 10 दिनों बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर अब ग्रामवासी आंदोलन के मूड में है।

■ ज्ञापन सौंपने के 10 दिन बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

ग्रामीणों का आरोप है कि कोटमी सोनार मार्ग स्थित गौठान के पास स्थित गौचर भूमि पर गांव के कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा मकान एवं दुकान का निर्माण कर उसे अन्य लोगों को बेचा जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह भूमि विवादित है और लगभग दो वर्ष पूर्व अकलतरा तहसीलदार द्वारा यहां से अवैध कब्जा हटाया भी गया था, लेकिन पुनः अतिक्रमण कर लिया गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि उक्त गौचर भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, साथ ही ग्राम दर्रीटॉड एवं कल्याणपुर के बीच भूमि का सीमांकन कर स्पष्ट सीमा निर्धारित की जाए। इसके अलावा दोषी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की भी मांग की गई है। शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामवासी सेवक नायक, सुरेश नायक, गोरखा नायक, विश्राम नायक, दयाराम, रामनाथ यादव, गोपाल यादव, रामकुमार नेताम, हीरालाल, लोचन नायक, सुखीराम, संत नायक, श्रवण नायक, संत श्रीवास, आनंद नायक, छोटे लाल नायक, योगेंद्र नायक, बसंत नायक, संतोष नायक, तुलसी नायक, रामभरोष यादव, संतोष दास (कोटवार), धनु नायक, भजनलाल, श्यामलाल यादव एवं खेमसिंह नायक सहित समस्त ग्राम वासियों के द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल के जन्मदिन के अवसर पर आज होंगे कई कार्यक्रम

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल रविवार 19 अप्रैल को अपने जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्र व अंचल के अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री चंदेल रविवार को प्रातः नहरिया बाबा मंदिर, देवी दाई मंदिर व स्थानीय मंदिरों में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र व अंचल के सुख, शांति व समृद्धि की कामना करते हुए प्रातः 10 बजे से रेल्वे स्टेशन चौक के सामने अपने जनसंपर्क कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों, स्नेहीजनों व आम नागरिकों से भेट करेंगे। वे दोपहर 3 बजे के उपरांत शाम 5 बजे वृद्धाश्रम खोखरा जायेंगे, वहां सर्व प्रथम मां मनका दाई मंदिर में मत्था टेककर वृद्धजनों के बीच जन्मदिन मनाते हुए उनका आशीर्वाद लेगे तथा वहां फल व मिष्ठान का वितरण करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्तागण एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे। तदउपरांत श्री चंदेल लिंक रोड जांजगीर में सुशील होटल के पास आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां नागरिकों द्वारा उनका सम्मान किया जायेगा। तदपश्चात वे जिले व अंचल से आये भाजपा कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों तथा अनेक प्रतिनिधि मण्डलों से भी भेट करेंगे। श्री चंदेल रात्रि में भी अनेक देव स्थान व मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना करेंगे।



## लीनेस क्लब ने आयोजित किया संस्कार शिक्षा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सीजी-1,स्वर्णिम छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या द्वारा कचहरी चौक जांजगीर के समीप स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या शाला में संस्कार शिक्षा प्रदान करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

■ शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या शाला में छात्राओं को बांटी शिक्षा सामग्री

इस अवसर पर अध्यक्ष लीनेस सरिता शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को संस्कार शिक्षा देने के लिए परिवार,शिक्षकों एवं समाज को संयुक्त प्रयास करने की आवश्यकता है,विद्यार्थियों को सुबह जल्दी उठना, बड़ो को सम्मान देना, ईमानदारी, अनुशासन जैसे जीवनमूल्य को अपनाना चाहिए । सचिव लीनेस जूही गौरहा ने कहा कि विद्यार्थियों को 5 लक्षण काक चेष्टा, बको ध्यानम के अनुसार सतकर्ता, एकाग्रता, अल्पनिद्रा पर्याप्त नींद और संतुलित भोजन करना चाहिए। लीनेस उपाध्यक्ष कल्पना केशरवानी ने कहा कि बच्चों को महापुरुषों कि कहानियां,धार्मिक ग्रंथों के प्रसंग और पंचतंत्र की कहनियां पढना एवं सुनना चाहिए। लीनेस डॉक्टर मधु लता शर्मा ने कहा कि हमे दुसरो के प्रति करुणा,ईमानदारी और सम्मान करने की भावना विकसित करनी चाहिए।लीनेस डॉ प्रभा साव ने कहा कि बच्चों को छोटी छोटी कार्यो की जिम्मेदारी देनी चाहिए,जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और नेतृत्व क्षमता विकसित होगी। अंत मे उपस्थित सभी बालिकाओ को लीनेस क्लब जांजगीर जाज्वल्या की तरफ से कॉपी,पेन एवं पानी बोटल भेंट किया गया एवं प्रधानपाठिका सहित सभी शिक्षकों को उनके सहयोग के लिए लीनेस क्लब की ओर से उपहार भेंट किया गया। विद्यालय की प्रधानपाठिका जयंती दुबे ने लीनेस क्लब के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए क्लब द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों की प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रधानपाठिका जयंती दुबे,शिक्षक रविकांत पाण्डेय, ललिता स्वर्णकार शिक्षिका,सुधा शर्मा शिक्षिका,लीनेस अध्यक्ष सरिता शर्मा,सचिव लीनेस जूही गौरहा कोषाध्यक्ष लीनेस नामिषा थवाईत,उपाध्यक्ष लीनेस कल्पना केशरवानी, लीनेस डॉ मधुलता शर्मा,लीनेस डॉ प्रभा साव,लीनेस प्राची पाण्डेय,लीनेस गंगा गट्टानी,लीनेस सुनीता गट्टानी, लीनेस छवि जैन,उपस्थित थे।



छात्राओं को कॉपी, पेन एवं पानी बॉटल देती लीनेस क्लब्स की पदाधिकारी।

### डाइट सभागार में संगीत समारोह आज ख्यातिलब्ध कलाकार देंगे प्रस्तुति

**जांजगीर-चांपा।** स्थानीय डाइट सभागार में रविवार 19 अप्रैल की शाम 7:30 बजे से एक विशेष सांगीतिक कार्यक्रम का आयोजन जाजवल्य देव संगीत विद्यालय जांजगीर द्वारा किया गया है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों की प्रस्तुति देखने को मिलेगी। इस गरिमामय कार्यक्रम में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति और प्रसिद्ध सितार वादक प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा के सितार वादन के साथ देश के प्रतिष्ठित तबला वादक अवध सिंह ठाकुर अपनी संगत से सुरों का जादू बिखेरेंगे। उल्लेखनीय है कि अवध सिंह ठाकुर आकाशवाणी और दूरदर्शन के 'टॉप ग्रेड' कलाकार हैं, जिन्हें संगीत की दुनिया में 'ताल मणि' और 'ताल तोयनिधि' जैसी प्रतिष्ठित उपाधियों से नवाजा गया है। वे भारत सरकार की ओर से सांस्कृतिक राजदूत के रूप में वेस्ट इंडीज, यूएसए और कनाडा जैसे कई देशों में भारतीय संगीत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में 42 वर्षों से अधिक समय तक अपनी सेवाएं देने वाले श्री ठाकुर ने पंडित रामनाथ सिंह से फर्रुखाबाद घराने की तालीम हासिल की है। उन्होंने स्वामी हरिदास संगीत समारोह और तानसेन समारोह जैसे देश के सभी बड़े मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया है। इस विशेष अवसर पर जाजवल्य देव संगीत विद्यालय जांजगीर के संचालक हरप्रसाद बंजारे, आर.जी. राठौर और सहारन यादव द्वारा भी कलात्मक प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजकों ने सभी संगीत प्रेमियों से समय पर उपस्थित होकर इस सांगीतिक प्रवाह का आनंद लेने की अपील की है।

## प्रशिक्षण जीवन को दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण साधन : देवांगन

**बहेराडीह।** हमारे जीवन में प्रशिक्षण का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। यह केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि व्यक्ति को कुशल,आत्मनिर्भर और सफल बनाने का आधार भी है।

उक्त बातें समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन ने बहुद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित पोच एवं वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के सयुंक्त तत्वाधान में पोच में प्रगतिशील किसान अरुण कुमार अग्रवाल के क्रृषि फार्म हॉउस में किसान के बेटियों के लिए आयोजित कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ अवसर पर अपना विचार ब्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वह प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति को किसी कार्य, कौशल या ज्ञान को सही तरीके से करने के लिए सिखाया जाता है। यह व्यक्ति की क्षमता और दक्षता को बढ़ाता है। ग्राम पंचायत पोच के सरपंच अजय राठौर ने जीवन में प्रशिक्षण का महत्व को लेकर प्रकाश डालते हुये कहा कि कौशल विकास,प्रशिक्षण से व्यक्ति नए-नए कौशल सीखता है जैसे कंप्यूटर,कृषि, पशुपालन, सिलाई, उद्यमिता। किसान आधुनिक खेती तकनीक सीखकर उत्पादन बढ़ा सकता है। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि गिरीलाल साहू, किसान बहुद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित पोच के संचालक अरुण कुमार अग्रवाल, बैंक के सेवानिबृत प्रबंधक सुमुद अग्रवाल, अनंत कुमार अग्रवाल, सिवनी पंचायत के जनपद सदस्य व बलौदा जनपद के संचार, संकर्म के सभापति चुड़ामणि राठौर एवं वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादवने भी संबोधित किया।

■ पोच में नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ



## लायंस डीएवी स्कूल में मनाई गई महात्मा हंसराज की जयंती

**अकलतरा।** लायंस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, अकलतरा में आज महात्मा हंसराज की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों द्वारा महात्मा हंसराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में महात्मा हंसराज के जीवन एवं उनके शिक्षा क्षेत्र में अमूल्य योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने डी.ए.वी. आंदोलन के माध्यम से भारतीय शिक्षा को नई दिशा प्रदान की। उनका जीवन सादगी, समर्पण और सेवा का अद्वितीय उदाहरण है।कार्यक्रम के दौरान चारों निकेतनों के विद्यार्थियों द्वारा महात्मा हंसराज के जीवन पर प्रकाश डाला गया एवं उनके आदर्शों को याद किया गया। विद्यार्थियों ने अपने सरल एवं भावपूर्ण शब्दों में उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की।शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने तथा ईमानदारी, अनुशासन एवं सेवा भावना को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।कार्यक्रम मैं उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे महात्मा हंसराज जी के बताए मार्ग पर चलकर समाज और देश के विकास में अपना योगदान देंगे।वैदिक शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।



शूटिंग एवं जनरल रावत इंटर-इंस्टिट्यूशनल ड्रिल प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रतियोगिता से कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क एवं राष्ट्र भावना होती है सुदृढ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

शहर के जैन इंटरनेशनल स्कूल में 7 छ.ग. बटालियन एन.सी.सी के तत्वावधान में मेजर होशियार सिंह स्मृति शूटिंग एवं जनरल रावत इंटर-इंस्टिट्यूशनल ड्रिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 8 महाविद्यालय एवं 13 विद्यालय के लगभग 600 एन.सी.सी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम में कर्नल लोकेश देव (कमांडिंग ऑफिसर, 7 छ.ग. बटालियन एन.सी.सी) तथा जैन इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य डॉ. एस. एस. राजपूत की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगोपाल गर्ग आई.जी. बिलासपुर रेंज रहे। स्वागत विद्यालय के प्राचार्य डी. एस. एस. राजपूत एवं उप प्राचार्य द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि रामगोपाल गर्ग आई.जी. बिलासपुर रेंज ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क एवं राष्ट्र भावना सुदृढ होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें उज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे। ड्रिल प्रतियोगिता (व्यक्तिगत येस्ट ड्रिल कमांडर):जेडी/जेडब्ल्यू वर्गः प्रथम कैडेट प्राची यादव (एमएलबी स्कूल, बिलासपुर)द्वितीय कैडेट निकिता कटारिया (स्वामी आत्मानंद एचएसएस, सकरी, बिलासपुर) एसडी/एसडब्ल्यू वर्गःप्रथम कैडेट हर्ष सिंह (सीएमडी कॉलेज, बिलासपुर) द्वितीय कैडेट मोहित तिवारी (जे.पी. वर्मा कॉलेज, बिलासपुर), ड्रिल प्रतियोगिता (टीम):जेडी/जेडब्ल्यू वर्गः प्रथम एमएलबी बिलासपुर एवं डीएवी पब्लिक स्कूलद् वितीय - जैन इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्वामी आत्मानंद एचएसएस, सकरीएसडी/एसडब्ल्यू वर्गःप्रथम सीएमडी कॉलेज द्वितीय बिलासा गर्ल्स कॉलेज तृतीय - गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, कोनीफायरिंग प्रतियोगिता (व्यक्तिगत): जेडी/नेडब्ल्यू वर्गःप्रथम कैडेट आदर्श सिंह देवद्वितीय कैडेट अशी गुत्ता एवं कैडेट केला अपेंद्रएसडी/ एसडब्ल्यू वर्गःप्रथम कैडेट अलवीरा नाज, द्वितीय कैडेट अंश सोनी, फायरिंग प्रतियोगिता (टीम): प्रथम जैन इंटरनेशनल स्कूल, बिलासपुर, द्वितीय रेलवे क्रमांक 2 विद्यालय, बिलासपुर विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. एस. एस. राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैप्टन आशीष शर्मा, नवीन सिरसवार, बटालियन के ए.एन.ओ., पी.आई. स्टाफ तथा स्कूल के समस्त स्टाफ का योगदान रहा।



एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कृत करते अतिथि।



## वार्ड क्रमांक-12 में पाइप लाइन विस्तार कार्य का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के वार्ड क्रमांक 12 जगत सिंह बैस मार्ग में जल आवर्धन योजना के अंतर्गत पाइपलाइन विस्तार कार्य का भूमिपूजन वार्ड पार्षद पुरुषोत्तम नामदेव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पार्षद श्री नामदेव ने कहा कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य वार्डवासियों को सुचारू रूप से स्वच्छ एवं साफ पेयजल उपलब्ध कराना है। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं तीव्र गति से किया जाए, साथ ही निर्माण कार्य के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कार्यक्रम में निगम सिंह बैस, ऐश्वर्य सिंह बैस,इरफान खान, अनिकेत जैन सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...



भगवान परशुराम प्रत्येक काल में अन्याय के विरूद्ध जनपक्ष के सहयोगी अथवा प्रोत्साहक के रूप में दिखते हैं। वैदिक साहित्य से पुराण काल तक परशुराम हर शोषण के विरोधी रहे हैं। शौर्य, शक्ति, सामर्थ्य और जग विजेता होने के बावजूद ने शांति के संवाहक हैं। वे जन जागरण के पर्याय और वास्तविक जन नायक हैं। परशुराम जी का ही चरित्र है जो सतयुग के समापन के त्रेता और द्वापर होता हुआ कलयुग तक मिलता है। भार्गव राम के तेजस्वी शस्त्र परशुधारी होने के कारण उनका नाम परशुराम पड़ा। पुराणों ने उन्हें अक्षय और अमर कहा है, इसीलिए उनकी जन्म तिथि बैसाख शुक्ल पक्ष की तृतीया को अक्षय तृतीया कहा जाने लगा। परशुराम जी का जीवन काल ईसा पूर्व 2686 वर्ष यानी आज से लगभग पौने पांच हजार वर्ष पूर्ण होना अनुमानित है। काल गणना का आधार वैवस्वत मनु को माना गया है। भगवान परशुराम ने जिस सामाजिक परिवेश में जन्म लिया। उस समय समाज व्यवस्था में शोषक वर्ग निरकुंश होने लगा था। कुछ राज पुरूष शक्ति से संसाधनों पर अधिकार करने लगे थे। भूमि और स्त्री वीरों का भाग्य मानी जाने लगी। चोर, डाकुओं सहित आततियों का आतंक इतना बढ़ गया था कि जन सामान्य के लिए देशाटन और तीर्थाटन भी असंभव हो गया था। राज्य शक्ति को निरंकुशता एवं संपन्नों द्वारा दीन हीन दुखियों का शोषण भगवान शिव के उपासक भार्गव ऋषियों को सहन नहीं हुआ। ब्राम्हणों ने प्रगतिशील शक्तियों को संगठित करने का अभियान छेड़ दिया। ब्राम्हणों ने राजपुरूषों की अतिवादिता के विरूद्ध नागों, दासों और पीड़ित वनवासियों, जनजातियों को संगठित किया। इस संपूर्ण अभियान के सूत्रधार परशुराम के पिता जगदन्गि थे। जबकि नेतृत्व उनके माता तथा इतिहास प्रसिद्ध महर्षि विश्वामित्र ने किया। शक्तिशाली राजा सहस्त्रबाहु एवं उसके अनुचरों ने भारी उत्साह मचाया। कन्याओं को भ्रष्ट तथा किसानों को लूटा जाने लगा। उस अभिमानी को रोकने का साहस किसी में भी नहीं था। लोगों को बलपूर्वक दास बनाने की प्रथा प्रचलित हो गई थी। व्यक्ति का वर्ग उसके ज्ञान के बजाए जन्म से निर्धारित करने की कुप्रथा पैर जमाने लगी। भगवान परशुराम जी ने दासों और मुक्ति का अभियान छेड़ा और घोषणा की कि जो दलितों, शोषितों एवं पीड़ितों को मारेगा या उन पर जुल्म करेगा उन्हें भी मरना पड़ेगा। परशुराम जी ने नागों को शिक्षित प्रशिक्षित कर ब्राम्हणत्व प्रदान किया। और सहस्त्रबाहु का वध किया। परशुराम जी अद्भूत ऋषि औश्र श्रेष्ठ योद्धा थे। वे धनुर्वेद, आयुर्वेद के महानल ज्ञाता और मंत्र दृष्टा दूर लक्ष्य तेजस्वी और विलक्षण प्रतिभा संपन्न विचारक योद्धा वे दंड देने एवं शाप देने की दोनों शक्तियों से संपन्न विचारक थे। उनकी न्याय व दंड व्यवस्था कठोर थी। उन्होंने आर्यों को श्रेष्ठता के घमंड से निकालकर संपूर्ण वसुंधरा के निवासियें में एक बंधु भाव व समरसता से जुड़ने की प्रेरणा ली। परशुराम जी ने राज पुरूषों के अधिकारी को आश्रमों द्वारा नियंत्रित करने की व्यवस्था सख्ती से लागू की थी। परशुराम जी का जन्म सतयुग और त्रेतायुग के संधिकाल में बैसाख शुक्ल पक्ष की अक्ष्य तृतीया को हुआ। अक्षय तृतीया ही त्रेतायुग की आरंभ तिथि समझी जाती है। परशुराम जी का चरित्र सतयुग के समापन से त्रेता और द्वापर होता हुआ कलयुग तक मिलता है। इसी कारण उन्हें अक्षय तथा अजर अमर माना जाता है। आठ चिरंजीवियों में उनकी स्तुति की जाती है। (अस्वस्थामा, बलि, व्यास, हनुमान विभीषण, कृपाचार्य, परशुराम ये सातों सहित मार्कण्डेय जी चिरंजीवी है। इनका नित्य स्मरण करने से अग्र मृत्यु और अप मृत्यु नहीं होती।)




































































जीवेत शरदः शतम्
कुशल संगठनकर्ता, प्रखर वक्ता,
लोकप्रिय जननेता, जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र एवं
जिले के विकास में एक नया अध्याय लिखने वाले
प्रदेश के वरिष्ठ नेता
मान. श्री नारायण चंदेल जी
पूर्व उपाध्यक्ष, छ.ग. विधानसभा
पूर्व नेता प्रतिपक्ष, छ.ग. विधानसभा
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
असीम शुभकामनाएं...
कान्ता मनमोहन कश्यप, अध्यक्ष- जनपद पंचायत नवागढ़
मान. श्री नारायण चंदेल जी
पूर्व उपाध्यक्ष, छ.ग. विधानसभा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, छ.ग. विधानसभा
"उजियारे पर सिर्फ उसी का अधिकार है,
जो अंधेरे से लड़ने को तैयार है।।"


MARUTI SUZUKI ARENA
Satya AUTO
VICTORIS
GOT IT ALL
NOW AT ₹10.99* LACS
ON ROAD PRICE
VICTORIS
OFFER VALID TILL 30TH APRIL 2026
T&C APPLY
SATYA
25+ YEARS
OF TRUST
@SATYAAUTOPVTLTD
@SATYA_AUTO_PVT_LTD
9522200998
WWW.SATYAAUTO.COM
BILASPUR-8037892047
BILASPUR (MOPKA)-9522200992
BILASPUR (SAKRI)-9522200992
MUNGELI-8037154081
KORBA-8037892053
KAATGHORA-8037460998
JANJGIR-8037460994
SHIVRINARAYAN-8037460595
RAIGARH-8037892059
SARANGARH-8062216505
KHARSIA-8037154077
SAKTI-8062216501